# नए पंजीयन और राशि बढ़ाने का मामला सदन में गरमाया

**लाड़ली बहना योजना**

**▸ विपक्ष ने किया वाकआउट**



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 फरवरी. विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान लाड़ली बहना योजना में नए पंजीयन नहीं होने और बहनों को प्रतिमाह 3 हजार रुपए नहीं देने का मामला प्रमुखता से उठा. विपक्ष के सदस्य महेश परमार ने इस पर सवाल किया, लेकिन जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कोई स्पष्ट बात नहीं की कि पंजीयन कब से शुरू होगा और 3 हजार की राशि कब से मिलेगी, विपक्ष को इतना जरुर आश्वासन दिया कि विपक्ष चिंता नहीं करे.**

वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी कहा कि हमने 5 वर्ष में देने की घोषणा की है, वर्ष 2028 तक हम 3 हजार की राशि देने वाले हैं. पंजीयन का लेकर भी मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंता मत करो, वह भी होगा. इस पर भी विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ. उसके बाद उन्होंने नाराजगी जताते हुए वाकआउट कर दिया.

मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि योजना के शुरू में एक करोड़ 31 लाख 6 हजार 525 महिलाओं का पंजीयन कराया गया था, वहीं वर्तमान में एक करोड़ 25 लाख 29 हजार 51 पंजीयन सक्रिय है. उन्होंने ये भी बताया कि महज 40 पंजीयन को दावा आपत्ति समिति ने अपात्र होने के कारण योजना से अलग किया गया है. ये भी बताया कि वर्तमान में नए पंजीयन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है. सुश्री भूरिया के मुताबिक योजना में मृत्यु होने पर या फिर 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर बहनों को योजना से बाहर किया जाता है. उन्होंने ये भी बताया कि वर्तमान में राशि बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रतिमाह करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है.

इस पर विधायक परमार ने कहा कि वर्ष 2023 में सत्ता विरोधी माहौल था, तब शिवराज चौहान ने कहा कि बहनों को 3 हजार देंगे. और फिर सरकार बना ली, सरकार ने लाड़ली बहनों को सरकारी कार्यक्रम के सफल होने का जरिया बना लिया है. उन्हें हर कार्यक्रम में उपस्थिति देना होता है, वहीं दूसरी तरफ मंत्री बहनों को धमकियां देते हैं कि यदि कार्यक्रम में नहीं आए तो नाम काट दिए जाएंगे.

क्या बहनों को सरकार ने खरीद लिया है. 60 साल से ज्यादा उम्र की बहनों के नाम काटे जा रहे हैं, जबकि 60 वर्ष से ज्यादा उम्र की बहनों को मदद की ज्यादा जरुरत होती है. इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के कुछ सदस्यों के बीच नोकझोंक की स्थिति बनी, नेता प्रतिपक्ष ने भी कहा कि सरकार को पंजीयन की तिथि बताने में क्या दिक्कत है.

**▶ विपक्ष ने फैलाया भ्रम : सीएम**

इस पर सीएम ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि विपक्ष ने भ्रम फैलाया कि सरकार बनते ही ये योजना बंद हो जाएगी. केवल चुनाव तक है, लेकिन ये योजना को अब ढाई साल हो गए हैं, एक हजार से शुरू कर डेढ़ हजार तक पहुंच गए हैं. घोषणा पत्र में कहा है कि पांच वर्ष में 2028 तक देंगे. आखिरकार जब नए पंजीयन कब से शुरू होंगे? जैसे सवाल का जब स्पष्ट जवाब नहीं मिला तो फिर विपक्ष ने वाकआउट कर दिया.

# 20% लाड़लियों को ही 1 लाख

## 52% ने कक्षा छठी में प्रवेश लिया


प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 23 फरवरी. प्रदेश में 52.35 फीसदी लाडली लक्ष्मियों ने कक्षा 6 तक पढ़ाई की, वहीं कक्षा 12वीं में मात्र 19.97 फीसदी लाड़ली लक्ष्मियों ने ही प्रवेश लिया.**

कॉलेज की दहलीज तक पहुंचकर स्नातक तक जाने वाली लाडली लाक्ष्मियों की संख्या महत 5.83 फीसदी है. वहीं स्नातकोत्तर तक पहुंचने वाली की संख्या तो एक फीसदी से भी कम महज 0.33 फीसदी है. यह जानकारी महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने प्रताप ग्रेवाल के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी. जवाब में मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि 2007 से 2025 तक 52.2 लाख लाडली लक्ष्मियों ने पंजीयन करवाया. 2012 में सबसे अधिक पंजीयन 354271 और उसके बाद 2021 में 344649 हुआ. 2025 में 272006 पंजीयन हुए. प्रतिवर्ष पंजीयन की संख्या में काफी अंतर पर मंत्री ने जवाब दिया की पात्रता के अनुसार पंजीयन किया जाता है. उल्लेखनीय की लाडली लक्ष्मियों में शिक्षा के प्रति रुझान कम होने को लेकर 3 दिसंबर 2025 को इंदौर उच्च न्यायालय ने स्वत:ही संज्ञान लिया है, जिसमें दो/तीन बार सुनवाई होने पर भी शासन ने उत्तर नहीं दिया, जवाब के लिए समय मांगा है. लाड़ली लक्ष्मी की शर्तों के अनुसार जिन लाडलियों ने कक्षा 12वीं में प्रवेश लिया है, उन्हीं को एक लाख की राशि 21 वर्ष पूर्ण करने पर प्राप्त होगी.

# मध्यप्रदेश में 27 लाख नंबर डिस्कनेक्ट

## 46 लाख की पुन: सत्यापन प्रक्रिया




**भोपाल, 23 फरवरी. दूरसंचार विभाग, मध्यप्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र ने संदिग्ध मोबाइल नंबरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है.**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉडल और नागरिकों की रिपोर्टिंग के आधार पर फर्जी पहचान या पते पर जारी कनेक्शन, एक ही व्यक्ति के नाम पर अधिकतम सीमा से ज्यादा (9 से अधिक) सक्रिय नंबर और संदिग्ध साइबर गतिविधियों से जुड़े सिम कार्डों की पहचान की गई. लगभग 46 लाख नंबरों को पुन: सत्यापन के लिए चिन्हित किया गया, जिनमें से 27 लाख नंबरों को डिस्कनेक्ट कर दिया गया. यह कदम डिजिटल अपराध, व्हाट्सएप स्पैम कॉल, डीपफेक वीडियो, साइबर फिशिंग और अन्य गंभीर धोखाधड़ी से आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया. संचार साथी पोर्टल पर स्थित 'चाक्षु' फीचर के माध्यम से लोग धोखाधड़ी कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज और साइबर लिंक आसानी से रिपोर्ट कर सकते हैं. इसका उद्देश्य जनता को मोबाइल फ्राड, पहचान की चोरी और फिशिंग जैसी जोखिमों से बचाना है. दूरसंचार विभाग का लक्ष्य सुरक्षित, भरोसेमंद और पारदर्शी दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है. नागरिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभाग लगातार सतर्क और प्रतिबद्ध है.

# भगोरिया उत्सव आज से, एक सप्ताह तक रहेगी धूम

**इंदौर. मालवा-निमाड़ अंचल में आदिवासी पर्व भगोरिया मंगलवार से प्रारंभ होने जा रहा है. एक सप्ताह तक चलने वाला यह उत्सव रंग, उमंग और परंपरा का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा. गांव-गांव हाट सजेंगे और ढोल-मांदल की थाप से पूरा अंचल गूंज उठेगा.**



झाबुआ, अलीराजपुर, धार और बड़वानी सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष तैयारियां की गई हैं. स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं. मेले में बांसुरी की मधुर तान और मांदल की गूंज वातावरण को सुरमयी बना देती है. पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवक-युवतियों के थिरकते कदम इस उत्सव को जीवंत बना देते हैं. आसपास के गांवों और कस्बों से बड़ी संख्या में लोग इस सांस्कृतिक मेले को देखने पहुंचते हैं.

## बीमा कंपनी को 4 करोड़ मुआवजा देने का आदेश

**खरगोन.** वर्ष 2022 में खरगोन जिले में हुए भीषण टैंकर विस्फोट मामले में चतुर्थ अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने बीमा कंपनी को लगभग 4 करोड़ रुपये मुआवजे का निर्देश दिया है. यह राशि 15 मृतकों के परिजनों और 10 घायलों को दी जाएगी. 26 अक्टूबर 2022 को अंजनगांव के पास पेट्रोल-डीजल से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलटा और विस्फोट हो गया. अधिकरण ने पाया कि चालक ने समय रहते प्रशासनिक सहायता नहीं ली और लोगों को सुरक्षित दूरी पर नहीं रखा, जिससे हादसा हुआ. कुल मुआवजा 3.30 करोड़ रुपये तय किया गया, जो ब्याज सहित लगभग 4 करोड़ तक पहुंचता है. अधिवक्ता अरुण त्रिपाठी ने बताया कि घायलों में तीन लोग स्थायी विकलांग हुए हैं.

# मौसम : प्रदेश में फिर बढ़ी गर्माहट

**भोपाल, 23 फरवरी. मध्यप्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आसमान से बादल छंटने लगे हैं, जिससे मौसम मुख्य रूप से शुष्क बना रहा. बादलों के कम होने के कारण अब दिन के अधिकतम तापमान में लगभग एक से डेढ़ डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई.**



वहीं, शनिवार और रविवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई, जिससे सुबह के समय हल्की ठंडक महसूस की गई.

इस बीच प्रदेश में सबसे अधिक तापमान धार और मंडला में 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है. इसके साथ एक ट्रफ लाइन दक्षिण मध्य महाराष्ट्र तक फैली हुई है. इस मौसमी तंत्र के प्रभाव से प्रदेश के दक्षिणी और पूर्वी जिलों बालाघाट, मंडला, उमरिया, डिंडोरी, अनूपपुर, शहडोल और सिवनी—में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है. हालांकि वर्षा की तीव्रता अधिक नहीं रहने की उम्मीद है.

> अगले 24 घंटों में प्रदेश का अधिकांश भाग शुष्क बना रह सकता है. राजधानी भोपाल में आसमान साफ रहने के आसार हैं, लेकिन सुबह के समय हल्की धुंध छाई रह सकती है. तापमान में मामूली बदलाव की संभावना है, जिसमें दिन का पारा लगभग एक डिग्री तक गिर सकता है, जबकि रात के तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है. प्रदेश के चार प्रमुख शहरों में तापमान इस प्रकार रहा भोपाल में अधिकतम 32.2 और न्यूनतम 14.6 डिग्री सेल्सियस, इंदौर में 32.2 और 13.7 डिग्री, ग्वालियर में 29.9 और 15.0 डिग्री तथा जबलपुर में 31.7 और 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. कुल मिलाकर प्रदेश में मौसम फिलहाल सामान्य बना हुआ है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है.

## रिटायर्ड अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर ढाई करोड़ की ठगी

**ग्वालियर.** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में एक बार फिर साइबर ठगी का बहुत बड़ा मामला सामने आया है. वायुसेना के एक सेवानिवृत अधिकारी को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 2 करोड़ 52 लाख रूपये की ठगी कर ली. साइबर ठग सेवानिवृत अधिकारी व उनकी पत्नी को 28 जनवरी से डिजिटल अरेस्ट किये हुये थे. पुलिस ने आज इस मामले में शिकायत मिलते ही एफआईआर दर्ज कर ठगों की तलाश शुरू कर दी है. सेवानिवृत अधिकारी 90 वर्षीय नारायण महादेव व उनकी पत्नी से साइबर ठगों ने जिंदगी भर की कमाई डिजीटल अरेस्ट में फंसे होने की धमकी देकर हड़प ली.

# सिंहस्थ पूर्व सड़क से लेकर घाट हो रहे तैयार

- **जीवनखेड़ी में घाट निर्माण कार्य का कलेक्टर ने लिया जायजा**
- **निर्माणाधीन फोरलेन सड़क का निगम आयुक्त ने किया अवलोकन**
- **सीएम के दौरे से एक दिन पूर्व अफसरों ने झोंकी ताकत**



नवभारत न्यूज

**उज्जैन. महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारी की मॉनिटरिंग खुद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की जा रही है, भोपाल ही नहीं बल्कि उज्जैन आकर भी लगातार निर्माण कार्यों विकास कार्यों का जायजा सीएम द्वारा लिया जा रहा है और अफसरों के साथ वन टू वन चर्चा भी की जा रही है. सीएम डॉ यादव मंगलवार को उज्जैन आएंगे ऐसे में अफसरों ने सोमवार को सड़कों से लेकर घाट तक का दौरा किया.**

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी ताकत से जुटा हुआ है. अनुमान है कि आयोजन के दौरान करीब 30 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे. इसी को ध्यान में रखते हुए शहर में व्यापक स्तर पर विकास और निर्माण कार्य किए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप लगभग 21 हजार करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जिससे उज्जैन की तस्वीर बदलती दिखाई दे रही है.

**29 किमी घाट का निर्माण**- सिंहस्थ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 29 किलोमीटर से अधिक लंबाई में नए घाटों का निर्माण किया जा रहा है. जीवनखेड़ी क्षेत्र में चल रहे घाट निर्माण कार्य का कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निरीक्षण किया.

**आयुक्त ने देखी सड़क**-इधर, नगर निगम भी सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने में जुटा है. एसआर-04 पर डी-मार्ट के सामने लगभग 23 करोड़ रुपए की लागत से 18 मीटर चौड़ी और 1500 मीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है. वहीं, जीवनखेड़ी क्षेत्र में लगभग 38 करोड़ रुपए की लागत से 30 मीटर चौड़ी और 2 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनाई जा रही है.

### गुणवत्ता की जांच

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान अर्थवर्क और जीएसबी लेयर की गुणवत्ता की जांच कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि की-वॉल और टो-वॉल का कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक दिन की स्पष्ट कार्ययोजना बनाकर उसी के अनुसार प्रगति सुनिश्चित की जाए. जल संसाधन विभाग के सिंहस्थ अनुभाग के सभी 13 इंजीनियरों को प्रतिदिन अलग-अलग निर्माण स्थलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गुणवत्ता और समयसीमा दोनों पर विशेष ध्यान रखा जा सके.

### ▶ बदल रही उज्जैन की तस्वीर

सड़क, घाट, प्रकाश व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं के ये कार्य केवल सिंहस्थ तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि आने वाले वर्षों में उज्जैन की यातायात व्यवस्था, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेंगे. बड़े पैमाने पर हो रहे निवेश और सख्त मॉनिटरिंग के चलते शहर में विकास की रफ्तार साफ दिखाई दे रही है. सिंहस्थ 2028 को व्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य बनाने के लिए प्रशासनिक अमला लगातार मैदानी स्तर पर सक्रिय है.

**संसाधन और मजदूर बढ़ाएं**-इन परियोजनाओं में सर्विस रोड, सेंट्रल लाइटिंग, डिवाइडर, पाथवे और ड्रेनेज व्यवस्था भी शामिल है. नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि संसाधन और मानवबल बढ़ाकर कार्य में गति लाई जाए, ताकि निर्धारित समय में उच्च गुणवत्ता के साथ काम पूरा हो सके.

## भोजशाला प्रकरण : एएसआई रिपोर्ट पर कोर्ट ने मांगे दावे-आपत्तियां

**धार.** केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला प्रकरण की सुनवाई इंदौर हाईकोर्ट में हुई. अदालत ने सभी याचिकाकर्ताओं और प्रतिवादियों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की करीब 2,089 पेजों की सर्वे रिपोर्ट पर दो सप्ताह में अपनी आपत्तियां, सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. अदालत ने कहा कि रिपोर्ट पहले ही खोली और पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है, इसलिए इसे दोबारा अनसील करने की आवश्यकता नहीं. एएसआई ने भोजशाला का सर्वे 10 कालखंडों में किया और इतिहास की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की. रिपोर्ट का 151 पेजों का सारांश मुख्य बिंदुओं को समेटे हुए तैयार किया गया.

# सीएम और रेल मंत्री नई ट्रेनों का करेंगे शुभारंभ

## भोपाल-धनबाद एवं भोपाल-चोपन ट्रेन आज होंगी रवाना

**भोपाल, 23 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव मंगलवार को भोपाल स्टेशन से दो नई ट्रेनों भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस एवं भोपाल-चौपन एक्सप्रेस का शुभारंभ करेंगे.**



इस अवसर पर शाम 19.30 बजे ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा. कार्यक्रम में रेल मंत्री श्री वैष्णव वर्चुअल रूप से जुड़ेंगे.

ट्रेन भोपाल-धनबाद-भोपाल त्रि साप्ताहिक एक्सप्रेस नियमित रूप से 27 फरवरी को भोपाल से एवं 01 मार्च को धनबाद से चलेगी. जबकि भोपाल-चोपन-भोपाल नई साप्ताहिक ट्रेन नियमित रूप से 01 मार्च को भोपाल से एवं 02 मार्च को चोपन से चलेंगी.

इस दोनों नई गाड़ी में 1 प्रथम श्रेणी एसी, 2 द्वितीय श्रेणी एसी, 6 थर्ड एसी, 7 स्लीपर, 4 सामान्य श्रेणी, 1 एसएलआरडी एवं 1 जनरेटरकार सहित कुल 22 एलएचबी कोच होंगे.

दो नई ट्रेन के शुभारम्भ पर गाड़ी संख्या 01631 भोपाल-धनबाद उदघाटन स्पेशल भोपाल से 24 फरवरी को 19.30 बजे प्रस्थान कर, विदिशा 20.00 बजे आगमन कर एवं मध्यवर्ती स्टेशनों पर ठहराव करते हुए अगले दिन 19.20 बजे धनबाद पहुंचेगी. वापसी में गाड़ी संख्या 01632 धनबाद से 25 फरवरी को 23.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन विदिशा 21.20 बजे आगमन एवं भोपाल 22.35 बजे पहुँचेगी.

गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद त्रिसाप्ताहिक एक्सप्रेस भोपाल से सोमवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को 20.55 बजे प्रस्थान कर विदिशा 20.36 बजे आगमन कर अगले दिन 20.20 बजे धनबाद पहुँचेगी.

> ठहराव स्टेशन--विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, खन्ना बनजारी, ब्योहारी, मरवासग्राम, सरईग्राम, बरगवां, सिंगरौली, करैला रोड, मिर्चाधुरी, ओबरा डैम, चोपन, रेनुकूट, नगर उंटारी, गढ़वा, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, खलारी, पतरातू, रांची रोड, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा एवं कतरासगढ़।

**राजनीति** ▶ इंडिया-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में विपक्ष का विरोध अभियान जारी

# कांग्रेस का विधानसभा परिसर में प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 फरवरी. मध्य प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान सोमवार को कांग्रेस विधायकों ने इंडिया-अमेरिका ट्रेड डील तथा केंद्र और राज्य सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया.**



कांग्रेस विधायक महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मुखौटे पहनकर किसानों के साथ हो रहे कथित अन्याय के खिलाफ विरोध दर्ज कराया. प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा.

मीडिया से चर्चा करते हुए सिंघार ने कहा कि यह प्रदर्शन केवल राजनीतिक प्रतीक नहीं, बल्कि देश के अन्नदाताओं के अधिकार, सम्मान और भविष्य की रक्षा के लिए उठाई गई सशक्त आवाज है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सस्ता विदेशी सोयाबीन, मक्का और कपास भारतीय बाजार में प्रवेश करता है, तो इससे किसानों, कृषि मंडियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा.

## अमेरिका ट्रेड डील से किसानों पर संकट

**भोपाल.** राहुल गांधी की भोपाल यात्रा के एक दिन पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि यह डील भारतीय किसानों के लिए गंभीर खतरा साबित होगी. संयुक्त पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे तथा किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने केंद्र सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की. वर्मा ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी ने सोयाबीन, सरसों और कपास जैसी अमेरिकी कृषि उपज को शून्य शुल्क पर आयात करने की सहमति दी है. ड्यूटी-फ्री आयात से भारतीय किसान घरेलू बाजार से बाहर हो जाएंगे और देश की संप्रभुता पर भी प्रश्नचिह्न लगेगा. उन्होंने भारत-पाकिस्तान मुद्दे पर अमेरिका के दावों को लेकर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाए.



# घूसखोर पंडत मामले में परिवादी के बयान दर्ज

**जबलपुर. प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पंकज सविता की अदालत ने फिल्म घूसखोर पंडत के विवादित शीर्षक के मामले में परिवादी जबलपुर निवासी वैभव पाठक के बयान दर्ज किए.**

साथ ही निर्माता- निर्देशक नीरज पांडे, ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स के विदेश में निवासरत शीर्ष अधिकारियों रीड हेस्टिंग्स, अध्यक्ष, नेटफ्लिक्स (यूएसए), टेड सरंदास, सह-मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेटफ्लिक्स, बेला बजरिया मुख्य सामग्री अधिकारी, नेटफ्लिक्स (यूएसए) सहित नेटफ्लिक्स की भारतीय वितरक मोनिका शेरगिल के विरुद्ध नोटिस जारी किए हैं. परिवादी की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी, पंकज तिवारी, प्रशांत सिरमोलिया, विनीत टेहेनगुरिया, रीतेश शर्मा, शुभम पाटकर व अरविंद सिंह चौहान ने पक्ष रखा. उन्होंने दलील दी कि यद्यपि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिल्म का शीर्षक परिवर्तित किया जा रहा है, किंतु उस शीर्षक के व्यापक प्रचार-प्रसार से समाज के एक बड़े वर्ग ब्राह्मण की प्रतिष्ठा को जो क्षति पहुंची है, वह अपरिवर्तनीय है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60